**10.02.2023**

**प्रेस प्रकाशनी**

## सीबीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी सम्पन्न हुई : विजेता टीमों को सम्मान

सीबीएसई प्रति वर्ष क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करता है। यह छात्रों को रचनात्मकता, नवीनता और कल्पनाशीलता/ आविष्कारशीलता प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करता है। यह प्रदर्शनी विज्ञान को लोकप्रिय बनाने और विज्ञान, प्रौद्योगिकी और समाज के बीच घनिष्ठ संबंधों के बारे में हितधारकों के बीच जागरूकता बढ़ाने का माध्यम भी बनती है।

यह प्रदर्शनी कोविड के उपरांत 02 साल के ब्रेक के बाद पुनः शुरू हुई। इस वर्ष प्रदर्शनी का विषय प्रौद्योगिकी और खिलौने था।

देश भर से 3169 छात्र टीमों ने भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया।

लोटस वैली स्कूल, गुरुग्राम में 7 से 9 फरवरी, 2023 तक आयोजित होने वाली सीबीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में देश और विदेश के 35 स्थानों पर क्षेत्रीय राउंड की 436 विजेता टीमों (दोहा से 01) ने भाग लिया।

प्रत्येक प्रदर्शनी की समीक्षा/आकलन प्रतिष्ठित संस्थानों के 12 निर्णयकर्ताओं के एक विशेषज्ञ पैनल द्वारा की गई।

अंततः कुल 30 प्रदर्शनियों को विजेताओं के रूप में चुना गया और प्रत्येक टीम को 5,000/- रुपये का नकद पुरस्कार और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जूनियर (6-8) और सीनियर (9-11) वर्ग में 14 टीमों को पुरस्कृत किया गया है।

इन विजेता प्रदर्शों को आगे राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में सीबीएसई प्रविष्टियों के रूप में नामित किया जाएगा और इन्हें इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च एंड इनोवेशन इन साइंस (**IRIS)** राष्ट्रीय विज्ञान मेले द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए भी सीधे प्रवेश मिलेगा।





**(रमा शर्मा)**
**निदेशक (मीडिया और जन-संपर्क)**